# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक–एफ23(64)लेखा/आकाशि/छात्र./अजीम प्रेमजी छात्र./2024–25/ई–17798/86 दिनांक– 12.08.2024

समस्त रजिस्ट्रार/प्राचार्य
वित्तपोषित विश्वविद्यालय/निजी विश्वविद्यालय
राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः–अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप प्रोग्राम शैक्षणिक वर्ष 2024–25 हेतु प्रचार–प्रसार के संबंध।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन से प्राप्त पत्र के अनुसार फाउण्डेशन द्वारा भारत में शिक्षा की गुणवता और समानता को बेहतर करने प्रयास में **अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप प्रोग्राम** के तहत जरूरतमंद छात्राओं को कॉलेज की शिक्षा प्राप्त करने में आ रही कठिनाईयों के लिए छात्रवृति प्रदान करके मदद करने की नवीन पहल प्रारम्भ करने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रोग्राम के तहत शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के लिए छात्राओं के आवेदन सितंबर 2024 के दूसरे सप्ताह से स्वीकार किए जाऐगे। उक्त स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत चयनित छात्राओं को स्नातक डिग्री/डिप्लोमा की पूरी अवधि के लिए प्रतिवर्ष 30000 रूपये की छात्रवृति प्रदान की जावेगी। उक्त प्रोग्राम की जानकारी अधिक से अधिक छात्राओं तक पहुंचाने हेतु प्रचार–प्रसार करने के लिए विश्वविद्यालय/महाविद्यालय सूचना पट्ट, विश्वविद्यालय/महाविद्यालय वेबसाइट, बैनर इत्यादि का उपयोग किया जावें, जिससे उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्राएं लाभान्वित हो सकें।

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक–एफ23(64)लेखा/आकाशि/छात्र./अजीम प्रेमजी छात्र./2024–25/ई–17798/86 दिनांक–12.08.2024

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यंक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, जयपुर।
2. वेबसाइट प्रभारी, वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

आयुक्त

RajKaj Ref
9671835

Signature valid
Digitally signed by Kuntal Vishnoi
Designation: Joint Director
Date: 2024.08.08 16:58:15 IST
Reason: Approved

# अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप प्रोग्राम

अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप प्रोग्राम, भारत में शिक्षा की गुणवत्ता और समानता को बेहतर करने के लिए अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन का एक प्रयास है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य **ज़रूरतमंद छात्राओं को कॉलेज की शिक्षा प्राप्त करने में मदद करना है।**

## *इस प्रोग्राम के बारे में*

जैसे-जैसे विद्यार्थी प्राथमिक से उच्चतर कक्षाओं की तरफ़ बढ़ते जाते हैं, वैसे-वैसे उन्हें अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उच्च शिक्षा के मामले में यह मुश्किलें छात्राओं के लिए और बढ़ जाती है। मुश्किलें कई है, जिनमें सामाजिक रीति-रिवाज, घर से संस्थानों की दूरी और आर्थिक कठिनाई प्रमुख हैं।

**अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप प्रोग्राम ज़रूरतमंद छात्राओं को कॉलेज शिक्षा प्राप्त करने में आने वाली आर्थिक कठिनाईयों को कम करने का प्रयास करता है।**

शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए छात्राओं के आवेदन **सितंबर 2024 के दूसरे सप्ताह** से स्वीकार किए जाएँगे।

- इस सत्र (वर्ष 2024-25) में हम उन छात्राओं का सहयोग करेंगे, जिन्होंने सरकारी स्कूल से **कक्षा 10वीं एवं 12वीं (दोनों) उत्तीर्ण की है** और किसी शासकीय संस्थान या विश्वसनीय प्रामाणिक निजी कॉलेज/विश्वविद्यालय के नियमित डिग्री या डिप्लोमा प्रोग्राम में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश प्राप्त कर लिया हो।
- चयनित छात्राओं को **स्नातक डिग्री/डिप्लोमा प्रोग्राम की पूरी अवधि** (दो, तीन, चार या पाँच वर्ष) के लिए **प्रतिवर्ष 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति** प्रदान की जाएगी, ताकि उनकी शिक्षा पूरी करने में लगने वाला शिक्षण शुल्क (ट्यूशन फीस) या अन्य खर्चों को कवर किया जा सके।
- इस वर्ष इस प्रोग्राम को 'पायलट' चरण के रूप में अलग-अलग इलाकों में शुरू किया जा रहा हैं, (विवरण नीचे) इसे जल्द ही पूरे देश में विस्तारित किया जाएगा।

## *कौन आवेदन कर सकते हैं*

**मध्य प्रदेश या राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश के चुनिंदा जिलों**[§] **या रांची (झारखंड) जिले के इटकी विकासखण्ड** की वे सभी छात्राएँ, जिन्होंने:

- किसी स्थानीय शासकीय स्कूल से कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण की हो, एवं
- शैक्षणिक वर्ष 2023-24 या उससे पहले किसी स्थानीय शासकीय स्कूल से कक्षा 12 वीं (नियमित या ओपन) उत्तीर्ण की हो, एवं
- आवेदन के समय किसी शासकीय संस्थान या विश्वसनीय प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय में मान्यता प्राप्त स्नातक उपाधि या डिप्लोमा प्रोग्राम के पहले वर्ष में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश प्राप्त किया हो।

---

[§] *राजस्थान और उत्तर प्रदेश के इन चुनिंदा ज़िलों की सूची जल्द ही हमारी वेबसाइट पर साझा की जाएगी।*

# Azim Premji Scholarship Programme

The Azim Premji Scholarship Programme is part of the Azim Premji Foundation's commitment to improving the quality and equity of education in India. The programme seeks to **support girl students from disadvantaged backgrounds to pursue college education**.

## *About the Programme*

Access to education becomes increasingly difficult as a student moves from primary to secondary schooling – this is even more so for higher education. The reasons are many, ranging from distance to institutions and social practices, to financial constraints.

The Azim Premji Scholarship Programme seeks to reduce financial constraints that girls face in accessing college education.

Applications for the academic year 2024-25 cohort will open in the **second week of September 2024.**

- In this cycle (year 2024-25), we will be supporting girl students who **have passed class 10 and 12 both from a government school** and have secured admission into the first year of a regular degree or diploma programme of a government or credible bona fide private college/university.
- Selected students will be awarded a scholarship of **INR 30,000 per year for the entire duration** (two, three, four or five years) of the undergraduate course/programme to cover tuition fees or any other expenses incurred towards completion of their education.
- This scholarship programme, in its 'pilot' phase this year, is being launched in limited geographies (details below). It will soon be expanded to cover the entire country.

## *Who Can Apply*

All girl students from **Madhya Pradesh or select districts§ of Rajasthan and Uttar Pradesh or Itki block, Ranchi, Jharkhand** who:

- Have passed Class 10 from a local government school; and
- Have passed Class 12 from a government (regular or open) school in the academic year 2023-24 or prior; and
- Have secured admission as a regular student into the first year of a recognised undergraduate degree or diploma course at a government institution or credible bona fide private college or university at the time of application.

§ *List of these districts will be shared soon on our website*

*For more updates, please use this QR code or link below to visit our website.*
*https://azimpremjifoundation.org/what-we-do/education/azim-premji-scholarship-programme/*